Printed Pages – 4

I-54

B.A. (Part-II) Supplementary/Special Examination, 2021

HINDI LITERATURE

Paper - II

(हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : प्रत्येक इकाई से प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

इकाई–I

Q. 1. निम्नलिखित में से किसी तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) चने जोर गरम
चने बनावे घासीराम,
निज की झोली में दुकान
चना चुरमुर-चुरमुर बोलै,
बाबू खाने को मुँह खोलै।
चना खावै तौकी मैना,
बोलै अच्छा बना चबैना।
चना खावै गफूरन मुन्ना
बोले औखहीं कुछ सुन्ना।

(ख) ''क्रोध शांति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है। जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दुःख पर उसकी भी त्योरी चढ़ जाती है। यह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर क्रोध प्रकट किया जा रहा है, वह उचित है या अनुचित।

(ग) ''लो यह पढ़ो। कैसा दुष्ट है लड़का। जरा भी लड़ाई नहीं करी। डोली में नई बहु की तरह उनके साथ चला गया, मेरी छाती पर मूंग दलने ? कहाँ से लाऊँ दस हजार, दस हजार ? (चिट्ठी मुनीम के हाथ में देकर) लो पढ़ो, सब बराबर कर दिया। भला बाहर गया ही क्यूँ ?

(घ) मेरे बच्चे कितने भी गंदे, बत्तमीज, लड़ाकू हों, मुझे मंजूर है, लेकिन इसे ये चोरी करे, झूठ बोले, मैं इन्हें जिंदा नहीं रहने दूंगा, मार के मर जाऊँगा। इन्हीं के संग (रुककर) मुंशी जी! मुझे पता है झूठ-चोरी के कीड़े कहाँ मिले हैं मेरे बच्चों को।

इकाई–II

Q. 2. 'अंधेर नगरी' नाटक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

मम्मी ठकुराइन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

इकाई–III

Q. 3. एकांकी के प्रमुख तत्वों के आधार पर 'औरंगजेब की आखरी रात' एकांकी की समीक्षा कीजिए। **12**

अथवा

'स्ट्राइक' एकांकी का सारांश लिखिए।

इकाई–IV

Q. 4. निम्नांकित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(क) राहुल सांकृत्यायन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) हबीब तनवीर का परिचय दीजिए।

(ग) एकांकी की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) ठकुराइन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ङ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

इकाई–V

Q. 5. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : (15) **1×15=15**

(1) महादेवी वर्मा की दो रचना का नाम लिखिए।

(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जन्म कब हुआ था ?

(3) हबीब तनवीर के नाटक का नाम लिखिए।

(4) 'मम्मी' किस एकांकी की पात्र हैं।

(5) 'बसंत आ गया है' निबंध के लेखक का नाम लिखिए।

(6) बिसाखा राम किस एकांकी के पात्र हैं ?

(7) 'एक दिन' एकांकी किसकी रचना है ?

(8) शीला किस एकांकी की पात्र है ?

(9) मोहन किस एकांकी का पात्र है ?

(10) 'सदाचार का ताबीज' किसकी रचना है ?

(11) 'स्ट्राइक' एकांकी के लेखक कौन हैं ?

(12) 'अंधेर नगरी' नाटक की रचना कब हुई है ?

(13) 'दस हजार' एकांकी के लेखक कौन हैं ?

(14) 'काव्येषु नाटकं रम्यम्' के लेखक कौन हैं ?

(15) 'अंधेर नगरी' नाटक के दो पात्रों के नाम लिखिए।

(16) एकांकी के दो तत्व कौन से हैं ?

(17) 'जीनत' किस एकांकी की पात्र है ?

(18) 'अंधेर नगरी' में लोभी शिष्य कौन है ?

(19) आपके पाठ्यक्रम के निबंध का नाम लिखिए।

(20) 'नीरजा' किसकी रचना है ?